9. विलोम शब्द

विलोम का अर्थ है उलटा। एक-दूसरे शब्द का उलटा अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम या विपरीत शब्द कहते हैं।

- ❖ पाठ पृष्ठ 49 पर दिए विलोम शब्दों के उदाहरणों द्वारा विलोम शब्दों की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ शब्द बोलें और बच्चों से उनका उलटा अर्थ बताने को कहें।
- ❖ बच्चों से विलोम शब्दों का वाक्य प्रयोग करवाकर अंतर समझने को कहें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 50 पर दिए विपरीत शब्दों को बच्चों से पढ़वाएँ। बीच-बीच में किसी शब्द का विपरीत पूछें।
- ❖ सभी बच्चों को शब्द पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान केंद्रित रखें।
- ❖ पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से ही पूछें।
- ❖ अन्य अभ्यास बच्चों से पुस्तक में करने को कहें। यथासंभव सहायता भी करें।